'हरिभूमि' 10 मार्च '18

विद्यार्थियों के विकास में शिक्षण संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका

रायपुर। विप्र महाविद्यालय में एलुमिनी एसोसिएशन द्वारा भूतपूर्व छात्र का मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कई पुराने छात्र इसका हिस्सा बने। इस दौरान कई तरह की कल्चरल एक्टिविटिज भी हुई। छात्रों ने कॅरियर और जीवन संबंधी अपने वर्तमान अनुभव बांटने के साथ कॉलेज में बिताए गए मस्ती भरे दिनों को भी याद किया। शिक्षकों ने छात्रों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अध्ययनरत छात्रों को सीनियर्स के अनुभव से सीखने की प्रेरणा दी।

पूर्व छात्रों ने रखे विचार

मुख्य अथिति प्रो. उषा दुबे, अशोक दीवान रहे। इस अवसर पर एलुमिनी मीट सदस्य अजीतं शुक्ला, डॉ.वाणी राव, अंकिता शर्मा, आकाश कटारिया आदि ने अपने विचार रखे। पूर्व छात्रों ने कहा, महाविद्यालय विद्यार्थियों के विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं। शैक्षणिक संस्थान विद्यार्थियों के उज्ववल भविष्य निर्माण के प्रेरक हैं। इस अवसर पर प्रावीण्य स्थान में रहे छात्रों को सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मेघेश तिवारी ने वर्षभर की गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण देते हुए कहा, एलुमिनी मीट का मुख्य उद्देश्य पुराने छात्रों को जोड़ना और नये विद्यार्थियों को भविष्य की योजना बनाकर कार्य करने प्रेरित करना है।

विप्र कॉलेज में एलुमिनी मीट

'दैनिक भास्कर' 10 मार्च '18

शेयर किए दिलचस्प किस्से फोक डांस पर दी परफॉर्मेंस

रायपुर | शुक्रवार को विप्र कॉलेज के ऑडिटोरियम में एल्मीनाई मीट का आयोजन किया गया। इस मौके पर कॉलेज के हाई स्कोरर स्टूडेंट्स को सम्मानित भी किया गया। इवेंट का मेमोरेबल बनाते हुए यहां कई फन एक्टिविटी के साथ वेस्टर्न डांस के साथ कल्चरल परफॉर्मेंस भी हुई। इसमें स्टूडेंट्स ने छत्तीसगढ़ के फोक सॉन्ग्स पर ट्रेडिशनल गेटअप में डांस किया। वहीं, मीट में आए एक्स स्टूडेंट्स ने अपनी कॉलेज लाइफ के दिलचस्प किस्से शेयर किए। इस मौके पर ज्ञानेश शर्मा, अशोक दीवान, उषा दुबे आकाश कटारिया सहित अन्य मौजूद थे।

Scanned by TapScanner